(c) and (d) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

महाराष्ट्र में बायो-गैस संयंत्रों का स्थापित किया जाना

931. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार महाराष्ट्र में बायो-गैस ऊर्जा का इस्तेमाल करने का विचार रखती है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या राज्य सरकार, राज्य में लघु बायो गैस संयंत्रों के लिए राज सहायता प्रदान करती है और क्या इसे जारी रखा जायेगा ;

(घ) क्या वह घोल जिससे बायो-गैस बनाई जाती है, एक अच्छा उर्वरक होता है ; और

(ङ) यदि हां, तो सरकार इसके इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री कल्पनाथ राय) :(क) और(ख) जी, हां । राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना में, जो कि सभी राज्यों संघ राज्य क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही है, वर्ष 1991-92 हेतु महाराष्ट्र राज्य सरकार के लिए 25,000 पारिवारिक आकार के बायोगैस संयंत्र स्थापित करने के लक्ष्य की परिकल्पना की गई है । इसके अलावा खादी ग्रामोद्योग आयोग भी राज्य मे पारिवारिक आकार के बायोगैस संयंत्र स्थापित कर रहा है । एक अलग कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में सामुदायिक तथा संस्थागत बायोगैस संयंत्र भी स्थापित किए जा रहे हैं ।

(ग) केन्द्रीय सरकार, न कि राज्य सरकार, कम क्षमता के बायोगैस संयंत्र लगाने के लिए आर्थिक सहायता दे रही है जिसे राष्ट्रीय बायोगैस विकास परियोजना के अंतर्गत वर्ष 1991–92 के दौरान जारी रखा जा रहा है ।

(घ) और (ङ) खाद सम्बन्धी प्रयोजन के लिए बायोगैस संयंत्र से निकलने वाले पाचित घोल के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए पहले ही किए गए उपायों में कृषकों के खेतों में प्रदर्शनों का आयोजन, लाभभोगियों को प्रशिक्षण देना, इसके लाभों का उल्लेख करते हुए प्रादेशिक भाषाओं में साहित्य प्रकाशित करना, इत्यादि शामिल हैं ।

महाराष्ट्र में रसोई के कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची

932. **श्री विश्वासराव रामराव पाटिल:** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) महाराष्ट्र में रसोई गैस के कनेक्शनों की प्रतीक्षा सूची का जिलेवार ब्यौरा क्या है और राज्य में इस समय रसोई गैस की मासिक मांग कितनी है; और

(ख) प्रतीक्षा सूची में रखे गये सभी आवेदकों को रसोई गैस के कनेक्शन प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री वी० शंकरानन्द) : (क) 1.4.91 को महाराष्ट्र में 11.61 लाख लोग प्रतीक्षा सूची में थे। वर्ष 1990–91 के दौरान महाराष्ट्र में एल पी जी का औसतन मासिक पैक किये हुए तथा थोक की मांग क्रमश : 34.6 टी एम टी तथा 6.8 टी एम टी था।

(ख) यथा संभव अत्यधिक आवेदकों को एल पी जी कनेक्शन दिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।